राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

21 जनवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 41

बन्दर मामा
आज की कविता

"बंदर मामा पहन पजामा दावत खाने आये; ढीला कुरता, टोपी, जूता पहन बहुत इतराए। रसगुल्ले पर जी ललचाया रखा मुहँ में गप्प से......!" पर यह क्या? बन्दर मामा की दावत में हालत ख़राब हो गई। बन्दर मामा का दावत में हाल जानने के लिए यह कविता चित्र पर क्लिक कर के सुनें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

नन्हा पियानोवादक
आज की कहानी

अजुल को पियानो बजाना बहुत पसंद है और वह न केवल एक अच्छा पियानोवादक बल्कि एक महान पियानोवादक बनना चाहता है। लेकिन क्या एक महान पियानोवादक बनना इतना आसान है ? क्या कोई उसकी मदद करेगा? अजुल की पियानो बजाने के रहस्य सीखने की कहानी को जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

चिड़िया और पहाड़
आज की किताब

एक पहाड़ था, बिल्कुल निर्जन उजाड़। न कोई तिनका, न कीडा-मकोड़ा। अकेले उदास रहता। फिर एक रोज एक चिड़िया आई, उस पर बैठी। उसे अच्छा लगा। फिर चिड़िया हर मौसम में आने लगी। पहाड़ को भी उसका इंतजार रहने लगा। फिर एक दिन क्या हुआ? क्या चिड़िया आई? क्या पहाड़ खुशहाल हुआ? पढ़ने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें?

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

सिंपल रॉकेट
आज की गतिविधि

पटाखे वाले रॉकेट, आग वाले रॉकेट, धुएं वाले रॉकेट और रबर बैन्ड वाले रॉकेट तुमने बहुत देखे और चलाए भी होंगे। पर क्या तुम्हें अंदाजा है गुबारे वाले रॉकेट का। इसे बनाने के लिए एक कार्ड शीट का टुकड़ा, एक स्ट्रॉ, थोड़ी धागा और एक छोटा गुब्बारा चाहिए बस। तो आओ देखते हैं इसे बनाने का विडिओ। उसके लिए चित्र पर क्लिक करो।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

लिखना: मौखिक से मौलिक
टीचर्स कॉर्नर

लिखने का कौशल चरणबद्ध तरीके से आता है। उसके लिए मौखिक भाषा कौशलों पर नियमित और तरह तरह से काम करने की जरूरत होती है। सोच विचार करना, विचारों को संयोजित करना, वाक्य विन्यासों पर काम करना आदि कुछ ऐसे काम है जो पहले किये जाने जरूरी हैं। आलेख में अवनीश कुमार ने इनकी चर्चा की है। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

एनर्जाइजर
हमारा पुस्तकालय

एनर्जाइजर माहौल को उर्जावान और तरोताज़ा बना देते है। हावभाव और शारीरिक गतिशीलता के कारण प्रतिभागी भी इसमें आनंद लेते है और उनमे उत्साह भी पैदा होता है। प्रतिभागी इस बहाने अपनी जड़ता और हिचक तोड़ पाते है। बच्चों और बड़ो के लिए यह सामान रूप से उपयोगी है। एक एनर्जाइजर गतिविधि - कविता देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 143वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।